FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

सराहनीय कार्य थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद दिनांक 12-10-2024

थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा पूर्व सीएमओ से फ्रॉड कर 3,65,000/- रुपये की ठगी करने वाले कोटक महिन्द्रा व एक्सिस बैंक के पूर्व कर्मचारी को किया गया गिरफ्तार।

- मैक्स लाइफ इन्श्योरेन्स में पॉलिसी करा कर पैसे वापस कराने के नाम पर करता था ठगी।
- पूर्व सीएमओ के भिन्न-भिन्न खातों से निकाले गये थे रुपये।
- खुद को बैंक का सीनियर ऑफिसर बता कर लोंगो से मिलता था अभियुक्त।
- अभियुक्त से अभियोग से सम्बंधित 3,40,000/- रुपये नकद किये गये बरामद।

दिनाकं 08.10.2024 को थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद पर श्री कुवर सिंह पुत्र श्री चुन्नी लाल नि0 देवखेडा थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर मुअ0सं0 42/24 धारा 318(4) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ था,जिसमें उनके द्वारा खुद के साथ 3,65,000/- रुपये की धोखाधडी होना उल्लेखित किया था। घटना के अनावरण के लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद टीम को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में जाँच के दौरान थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित अभियुक्त कुलदीप पुत्र स्व0 सूरजपाल निवासी सत्यनगर टापा कला थाना उत्तर फिरोजाबाद को थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मुकदमा से सम्बंधित 3,40,000 रुपयों के साथ गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी मुकदमा कुंवर पाल सिंह की पॉलिसी अभियुक्त कुलदीप द्वारा ही मैक्स लाइफ इन्श्योरेन्स में करायी गयी थी। पॉलिसी कराने के बाद ग्रेच्युटी कम मिलने का बहाना देकर बताया कि इस पॉलिसी को ब्रेक कर आपके खाते मे रुपये वापस मंगा लेते हैं। अभियुक्त द्वारा कुंवर पाल सिंह को बताया गया कि ब्रेक हुई पॉलिसी का पैसा आपके मोबाइल फोन से मेल भेजने के बाद ही आपके खाते में आयेगा। इसी क्रम में अभियुक्त कुलदीप द्वारा वादी का फोन लेकर उसमें नेट बैंकिग चालू कर वादी के 04 बैंक खातों से कुल 3,65,000/- रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गयी थी।

पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ के दौरान अभियुक्त कुलदीप द्वारा बताया गया कि वह पहले एक्सिस बैंक की टूण्डला शाखा में बैंक कर्मचारी था। वहां पर वह लोगों की पॉलिसी कराया करता था। वर्तमान समय में कोटक महिन्द्र बैंक की फिरोजाबाद शाखा में कार्य करता हूँ। एक दिन मेरी मुलाकात कुँवर पाल सिंह पुत्र श्री चुन्नी लाल नि0 देवखडा थाना पचोखरा से एक्सिस बैंक की टूण्डला शाखा में हुई,जो पैरालाइसिस से पीडित थे तथा चलने फिरने में असमर्थ थे। जब मैंने इनसे पूछा तो इन्होंने बताया कि मुझे अपनी पॉलिसी के बारे में जानकारी करनी है तो मैंने कहा कि मै इसी बैंक का कर्मचारी हूँ आप मुझे अपनी डिटेल दे दें। मैं आपकी पॉलिसी के बारे में देखकर बताता हूँ। इसके बाद मेरे द्वारा कुवर पाल सिंह को Max life Insurance में 02-02 लाख रुपये की पॉलिसी करायी। इसके बाद कुछ समय बाद मेरे द्वारा कुँवर पाल सिंह को बताया गया कि इसमें ग्रेच्युटी कम मिलेगी इसलिये आप ये पॉलिसी बन्द करा लो। इसके बाद मेरे द्वारा उनका फोन लेकर उनकी पॉलिसी बन्द कर रुपये उनके खाते में वापस मँगा दिये तथा उनके फोन में नेट बैंकिग चालू कर, रुपये अपने मिलने वालों के भिन्न-भिन्न खातों में ट्रान्सफर कर निकाल लिये।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1. कुलदीप पुत्र स्व सूरजपाल निवासी सत्यनगर टापा कला थाना उत्तर फिरोजाबाद उम्र करीब 32 बर्ष ।

बरामदगी का विवरणः-

1. 3,40,000/- रुपये बरामदगी।

पंजीकृत अभियोगः-

1-मु0अ0सं0 42/24 धारा 318(4)/316(2) बीएनएस व 66 (डी) आईटी एक्ट थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1-प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार द्विवेदी थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
2-निरीक्षक श्री मनोज कुमार यादव थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
3-है0का0 राकेश कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
4-का0 अंकित वर्मा थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
5-का0 सन्तोष कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
6-का0 सौरभ कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
7-का0 मोहन ठाकुर थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
8-का0 अक्षय कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
9-का0 अतुल भार्गव थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।